# गंडक नदी में गाद की होगी सफाई: नीतीश

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंडक नदी के दूसरी तरफ गाद जमा होने से नदी की चौड़ाई कम होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि नदी की चौड़ाई और गहराई बढ़ाने के लिए नदी के दूसरे छोर पर गाद हटाने का कार्य कराएं, ताकि गाद की सफाई से नदी की चौड़ाई बढ़े और कटाव नहीं हो।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को वैशाली जिले के लालगंज प्रखंड के वलहा वसंता में गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नदी के दूसरे छोर की चौड़ाई और गहराई को और बढ़ाएं, इससे तटबंध पर जल प्रवाह का दबाव कम होगा। इससे तटबंध सुरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बाढ़ के दौरान आसपास के गांवों के लोगों को सजग एवं जागरूक रखें। उन्होंने गंडक नदी के किनारे कटाव निरोधक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि गंडक के किनारे कटाव की शिकायत मिलने पर कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, ताकि आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, विधायक सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



■ मुख्यमंत्री ने वैशाली के लालगंज में कटाव निरोधी कार्यों का किया निरीक्षण